
# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द



# केदारनाथ पहुंचे पूर्व सीएम त्रिवेंद्र को तीर्थ पुरोहितों ने वापस लौटाया

रोष

## देवस्थानम बोर्ड को लेकर तीर्थ पुरोहित हुए उग्र

संवाददाता

देहरादून। देवस्थानम बोर्ड को लेकर तीर्थपुरोहितों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को केदारनाथ जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को तीर्थपुरोहितों के विरोध का सामना करना पड़ा, जिस कारण उन्हें बाबा केदार के दर्शन किए बगैर ही वापस लौटना पड़ा। तीर्थपुरोहितों ने पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तीर्थपुरोहितों का कहना है कि उनकी एकमात्र मांग देवस्थानम बोर्ड भंग करने की है। ऐसा नहीं होता है तो आर–पार की लड़ाई इसी तरह लड़ी जाएगी। देवस्थानम बोर्ड को भंग करने की मांग को लेकर तीर्थ–पुरोहित व हक–हकूकधारियों ने तीन नवंबर को केदारनाथ कूच करने का ऐलान किया है।



चारधाम देवस्थानम बोर्ड को लेकर तीर्थ पुरोहित उग्र हो गए हैं। सोमवार को केदारनाथ में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को तीर्थ पुरोहितों के गुस्से का सामना करना पड़ा। विरोध के चलते पूर्व सीएम बाबा त्रिवेंद्र सिंह रावत केदार के दर्शन किए बिना जीएमवीएन के गेस्ट हाउस में लौट गए। वहीं, धन सिंह रावत और मदन कौशिक ने भारी विरोध के बीच ही बाबा के दर्शन किए। चारधाम यात्रा व्यवस्था और प्रबंधन के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा देवस्थानम बोर्ड का गठन किया गया था। तीर्थ पुरोहित शुरुआत से ही इसका विरोध कर रहे हैं। बोर्ड को भंग करने की मांग को लेकर तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने लंबा आंदोलन भी किया था। अब एक बार फिर तीर्थ पुरोहित मुखर हो गए हैं। उन्होंने पूर्व सीएम त्रिवेंद्र के केदारनाथ पहुंचने पर विरोध किया। उनका कहना है कि त्रिवेंद्र रावत ही देवस्थानम को लाने वाले हैं। केदारनाथ जा रहे पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत को सोमवार को संगम स्थित पुल से आगे नहीं जाने दिया गया। तीर्थ पुरोहित एवं हक–हकूकधारियों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी करते हुए उनका विरोध किया। जिसके बाद त्रिवेंद्र सिंह रावत बिना दर्शन किए ही लौट गए।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक व कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत भी केदारनाथ धाम पहुंचे थे। उन्हें भी तीर्थ पुरोहितों का विरोध झेलना पड़ा, हालांकि उन्होंने धाम में दर्शन किए। उत्तराखंड सरकार के आश्वासन के बाद भी देवस्थानम बोर्ड व एक्ट वापस नहीं होने पर तीर्थ पुरोहितों ने सोमवार को गंगोत्री और यमुनोत्री में भी बंद रखा। दोनों धामों में भी पूजा सामग्री सहित अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

## न्यूज डायरी

### उपनिषदिक प्रार्थना को बुलंद करता है दीपावली पर्वः आशुतोष महाराज

संवाददाता देहरादून। सम्पूर्ण भारत प्रत्येक वर्ष दीपावली पर्व को बेहद हर्षोल्लास से मनाता है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए बताया गया कि कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की द्वितीया तक यानी धनतेरस से भाई दूज तक का यह मंगलमय सफर स्वयं में पांच पर्वों को समाए हुए है। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात 'अंधकार से प्रकाश की ओर' ले चलने की उपनिषदिक प्रार्थना को यह पर्व बुलंद करता है। पर्व का एक अर्थ 'सीढ़ी' भी होता है। मानव जीवन सही मायनों में उत्कर्ष की सीढ़ी कैसे चढ़े, यही संदेश देते हैं ये पर्व! हम सभी जानते हैं कि अमावस्या की अँधेरी रात को हर्षोल्लास से भरा दिवाली पर्व मनाया जाता है।

### इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन एंड सॉफ्टवेयर कंपनी स्पोर्ट्स सॉफ्टवेयर करने जा रही लॉन्च

संवाददाता देहरादून। इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन एंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड, (इंटेलसॉफ्ट) एक आईटी सॉल्युशन उपलब्ध करवाने वाली कंपनी है, जो भारतीय व्यवसायों के लिए डेस्कटॉप, डेटा सिक्योरिटी और हेल्प–डेस्क सपोर्ट, सर्वर, बैकअप, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेशन, आदि के माध्यम से आईटी सेवाओं की एक पूरी रेंज प्रदान करती है। कंपनी ने बीएसई को सूचित किया है कि वह एक स्पोर्ट्स सॉफ्टवेयर क्रिकेट फैंटेसी विकसित करने की प्रक्रिया में है, जिसे मार्च 2022 में लॉन्च किया जाएगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय अगली बोर्ड बैठक में किया जाएगा। शुरुआत में बीटा वर्जन लॉन्च किया जाएगा। इसका मूल्यांकन 2022 की पहली तिमाही में नजर आने की उम्मीद है। कंपनी को इस उत्पाद में ज्यादा मुनाफा होने के कारण इसके एक गेमचेंजर होने की उम्मीद है।

### एयरटेल के सीईओ गोपाल विट्ठल ने साइबर जालसाज से सतर्क रहने का आग्रह किया

संवाददाता देहरादून। एयरटेल के सीईओ गोपाल विट्ठल ने अपने ग्राहकों को साइबर जालसाजी के बढ़ते मामलों के प्रति आगाह किया है कि कोविड काल के बाद ऑनलाइन लेनदेन में वृद्धि के कारण ये अक्सर हो रहा है। गोपाल विट्ठल ने एक ईमेल में अपने ग्राहकों को केवाईसी फॉर्म को अपडेट करने और उन्हें धोखा देने के बहाने साइबर जालसाजों द्वारा एयरटेल के कार्यकारी के रूप में की गई कॉल के बारे में सतर्क रहने का आग्रह किया है। उन्होंने फर्जी यूपीआई हैंडलध्वेबसाइट और नकली ओटीपी जैसे धोखाधड़ी के सामान्य उदाहरणों के बारे में भी विस्तार से बताया है और उन सावधानियों को सूचीबद्ध किया है, जिन्हें प्रत्येक ग्राहक को धोखेबाजों से बचाने के लिए अपनाना चाहिए।

## गन्ना खरीद का नवीनतम मूल्य घोषित न होने पर हरीश रावत ने दिया धरना

संवाददाता देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने डोईवाला शुगर मिल के गेट पर एक घंटे सांकेतिक घरना दिया। उन्होंने उत्तराखंड में गन्ना खरीद का नवीनतम मूल्य घोषित न होने पर धरना दिया। उनके समर्थन में मौके पर कई कार्यकर्ता भी गन्ना लेकर धरने पर मौजूद रहे।

पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि किसानों के सामने अपने उत्पादन के मूल्य को लेकर राष्ट्रव्यापी समस्या है। गन्ना खरीद मूल्य घोषित न होने से किसान बेहद परेशान है। जब पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में तो गन्ना मूल्य घोषित कर दिया है तो उत्तराखंड में क्यों देर हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार किसानों की बात को उठा रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पेराई सत्र भी समय पर शुरू करना चाहिए और इसके लिए एक कैलेंडर बन जाना चाहिए, जिससे किसान अपनी अगली फसल समय पर बुआई कर सके।

उत्तराखंड सेवानिवृत्त वनाधिकारी, कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार करना चाहिए। पूर्व सीएम ने ये भी कहा कि उत्तराखंड में किसानों को रासायनिक खाद नहीं मिल पा रही है। उधमसिंह नगर में किसान खाद के लिए भटक रहा है। कहीं, बेमौसम बारिश से धान को नुकसान पहुंचा है, जिसका मुआवजा भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है। इकबालपुर चीनी मिल का अभी तक गन्ना मूल्य भुगतान नहीं हुआ है।



## आंगबाड़ी बहनों को दीवाली से पहले मिलेगा शानदार तोहफा

संवाददाता देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को उत्तरकाशी के विकास खंड नौगाँव पहुँचे। यमुनावैली को कृषि मंडी की बड़ी सौगात देते हुए 85 करोड़ से अधिक की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने जनपद के समेकित विकास के लिए कई अहम घोषणा की। राजकीय इंटर कॉलेज नौगाँव में आयोजित कार्यक्रम में जनता को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड को विकास के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता,साधु संतों के सहयोग और सरकार के समन्वय से उत्तराखंड आने वाले समय में पूरी दुनिया की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राजधानी बनेगी। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भरोसा दिया कि दीवाली से पहले आंगनबाड़ी बहनों को शानदार तोहफा दिया जाएगा।

## रिवर्स पलायन प्रदेश के लिए अच्छा संकेतः राज्यपाल

संवाददाता नई टिहरी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि कोविड के दौरान रिवर्स पलायन अच्छा संकेत हैं। टिहरी में वापस लौटे युवा बेहतर काम कर रहे हैं। टिहरी झील, फ्लोटिंग हट और दुनिया में बेहतरीन डिजायन से बना डोबरा–चांठी पुल बेहतर मिसाल हैं। यहां देश–विदेश के लोग आकर प्रकृति का आंनद लें। प्रकृति के साथ कृत्रिम कृतियों का यहां पर पहुंचकर स्वर्ग जैसा आनंद है।

टिहरी जिले के दो दिवसीय भ्रमण के अनुभव साझा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि टिहरी झील पर बोटिंग सहित साहसिक खेलों की अपार संभावनाओं को देखते



हुये यहां का भविष्य सुखद नजर आता है। जनपद में रिवर्स पलायन कर लौटे युवकों का काम और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने का काम कर रही महिलाओं की लगन को देखकर लगता है कि यहां पर विकास तेजी से होना तय है।

महिला स्वयं सहायता समूह और गांव के प्रतिनिधि के तौर पर काम करने वाली बलमा गांव की शीला नेगी, कुट्ठा गांव की शांति रावत और प्रतापनगर की रुकमणि के जज्बे पर कहा कि महिलाएं जिस तरह से काम कर रही हैं, निश्चित ही गांवों की तस्वीर इनके जज्बे के चलते बदलेगी।

राज्यपाल ने इन कामों में जिला प्रशासन की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस समय जनपद में महिला अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस–प्रशासन बेहतर काम कर रहा है। राज्यपाल ने टिहरी बांध का निरीक्षण पर कहा कि विश्वस्तरीय बांध की टेक्नोलाजी देखने लायक हैं। यहां पर इंजीनियरों के बेहतर काम को देखते हुये उन्होंने टीएचडीसी के ईडी यूके सक्सेना और स्टाफ को बधाई दी। इस मौके पर डीएम इवा श्रीवास्तव, एसएसपी तृप्ति भट्ट मौजूद रहे।

## धर्मपुर विधानसभा से वैश्य समाज का मजबूत चेहरा विकास गर्ग

संवाददाता देहरादून। देश में लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव या कोई अन्य चुनाव वैश्य समुदाय के लोग एकजुट होकर के भाजपा सरकार के हाथ मजबूत करते आए हैं। वैश्य समाज के लोग सरकार के आह्वान पर मोदी सरकार की नीतियों, कामों, उपलब्धियों और कड़े फैसलों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को बताकर जागरूक करने का कार्य करते है और लोगों से मोदी के हाथ मजबूत करने की बात करते है। आपको बता दे देश के सभी जिलों में जिला और मंडल स्तर तक वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की नियुक्ति की जाती है,ताकि वे निचले स्तर पर भी लोगों को एकजुट करने का काम कर सकें। जनपद में वैश्य समाज के बढ़ते दबदबे के बीच इस कदम को बेहद अहम माना जा रहा है। अभी हाल ही में महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर वैश्य समाज के काफी लोग जुटे, जिन्होंने मोदी सरकार के कड़े और ऐतिहासिक फैसलों और सरकारी की उपलब्धियों को लेकर चर्चाएं की।